## एक नजर में



### विवि का स्थापना दिवस मनाया गया

**सागर.** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस पर कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने संस्थापक डॉ. हरीसिंह गौर की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की. कुलपति प्रो. गुप्ता ने कहा कि डॉ. गौर द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय को ऊँचाई पर ले जाने के लिए हम सब संकल्पित होकर कार्य करें. डॉ. गौर ने समाज के कल्याण के लिए इस विश्वविद्यालय की स्थापना की थी. वे सौभाग्यशाली हैं और ऋणी हैं जिनको यहाँ पढ़ने और कार्य करने का अवसर मिला है. इस दिवस पर यह संकल्प लें कि हम सब मिलकर डॉ. गौर के सपनों के अनुरूप इस विवि के यश और कीर्ति में वृद्धि के लिए कार्य करें.




### एक्यूप्रेशर थेरेपी शिविर का समापन

**सागर.** लायंस क्लब एवं जैन मिलन मकरोनिया के तत्वाधान में एक्यूप्रेशर वाइब्रेशन एवं कपिंग थेरेपी शिविर का आयोजन अंकुर कॉलोनी मकरोनिया में किया गया था. जिसका शुभारंभ डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन मनीष शाह एवं ला.उर्वशी शाह द्वारा किया गया था. ला. महेश श्रीवास्तव अध्यक्ष लायंस क्लब एवं सुरेश जैन अध्यक्ष जैन मिलन ने बताया कि शिविर में 70 लोगों ने भाग लिया. शिविर प्रभारी ला. गुलझारी लाल जैन एवं राजेश जैन प्राचार्य ने बताया कि शिविर निशुल्क था. समापन पर तीनों थैरेपिस्ट का सम्मान प्रशस्ति पत्र स्मृति चिन्ह एवं तिलक लगाकर सम्मान पट्टीका से किया गया. ला.महेश श्रीवास्तव एवं सुरेश जैन द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया.



### अस्थाई परमिट के आवेदन पत्र पर चर्चा

**सागर.** यात्री बसों के 20 अस्थायी परमिटों के आवेदन पत्रों का आरटीओ कार्यालयीन सूचना पटल पर प्रकाशन उपरांत सचिव, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार/क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी के सभाकक्ष में सुनवाई की गई. क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मनोज कुमार तेहनगुरिया ने बताया कि बैठक में आवेदक एवं आपत्तिकर्ताओं के तर्को को सुना गया. समस्त प्रकरणों का गुण-दोषों के आधार पर निराकरण किया गया.




### ट्रेनिंग प्लेसमेंट के द्वितीय बेच का समापन

**सागर.** उन्नति फाउंडेशन बेंगलूर द्वारा संचालित ट्रेनिंग और प्लेसमेंट के द्वितीय बैच का समापन पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस मकरोनिया बुजुर्ग में संपन्न हुआ .कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह राठौर, विशिष्ट अतिथि नपाध्यक्ष मिहीलाल अहिरवार, अंकित तिवारी, थाना प्रभारी रावेन्द्र सिंह चौहान एवं एसआई आरडी भारद्वाज रहे . प्रभारी प्राचार्य डॉ अजय सिंह ठाकुर ने स्वागत भाषण दिया. संचालन डॉ साहिबा नासिर एवं आभार डॉ कमलेश दुबे ने व्यक्त किया.




### स्वास्थ्य जांच एवं जागरुकता शिविर

**सागर.** आंगनवाड़ी केन्द्र 96 सूबेदार वार्ड में एफपीएआई द्वारा आयोजित शिविर में डॉ. श्रद्धा केशरवानी द्वारा 61 मरीजों की जाँच कर परामर्श दी गई. शिविर में पूजा करण, सारिका प्रजापति,ज्योति, सुमन , स्वर्णलता उपस्थित रहे.



### हॉकी संघ ने खिलाड़ियों-कोच का किया सम्मान

**सागर.** बुल्गारिया (यूरोप) में आयोजित कूडो वर्ल्ड कप प्रतियोगिता में युवा खिलाड़ी मोहम्मद सोहैल खान ने-250 पी.आई. वर्ग में रजत पदक जीता है. जिला हॉकी संघ द्वारा खेल परिसर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें सोहैल खान एवं कोच डॉ. एजाज खान का स्वागत किया गया. वर्ल्ड कप में मप्र के आठ खिलाड़ियों को चयनित किया गया, जिनमें जिले से सोहैल खान, आर्यन सिंह, उत्कर्ष पटेल, वैष्णवी सिंह ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया. समारोह में जिला हॉकी संघ सचिव मकसूद खान, मधुसूदन गुरु उपाध्यक्ष, मनीष नेमा सदस्य, अजय रैकवार, राशिद अली, गोपीलाल यादव मोहम्मद इरशाद, सैयद सोहेल अली फहीम खान आदि मौजूद थे.

# विवाद के बाद सीएमओ निलंबित

## नपा कार्यालय के कक्ष में तालाबंदी के बाद कर्मचारियों के साथ सीएमओ ने की थी शिकायत

नवभारत न्यूज

**बीना 18 जुलाई. नगर पालिका परिषद बीना के सीएमओ और जनप्रतिनिधियों के बीच चल रहे विवाद के बाद आज नगरीय प्रशासन विभाग ने सीएमओ आरपी जगनेरिया को निलंबित कर दिया है. तो वहीं एक दिन पूर्व ही सीएमओ कक्ष में जनप्रतिनिधियों ने तालाबंदी कर दी गई थी तो सीएमओ ने कर्मचारियों के साथ रैली निकालकर नारेबाजी करते हुए शासकीय कार्य में बाधा डालने वाले जनप्रतिनिधियों के खिलाफ शिकायत की थी.**

आदेश के अनुसार सीएमओ श्री जगनेरिया को सामूहिक जुलूस निकालकर नारेबाजी करने और शासन नियमों की अवहेलना करने के मामले में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है. यह कार्रवाई संभागीय संयुक्त संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास सागर संभाग द्वारा की गई रिपोर्ट के आधार पर की गई है, जिसमें बताया गया कि श्री जगनेरिया ने कर्मचारियों को इकट्ठा कर शहर में जुलूस निकाला और अशोभनीय आचरण किया, जो गंभीर अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है. निलंबन अवधि में श्री जगनेरिया का कार्यस्थल संभागीय संयुक्त संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास सागर संभाग रहेगा तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्राप्त होता रहेगा, जिसका भुगतान बीना नगर पालिका परिषद से किया जाएगा.

**बीना.** नगर पालिका परिषद बीना में सफाई व्यवस्था को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है. बीना परिषद अध्यक्ष लता सकवार और उपाध्यक्ष रमाकांत बिलगैयां ने शहर का दौरा कर सफाई की बदहाल स्थिति देखने के बाद सीएमओ रामप्रकाश जगनेरिया के कार्यालय पर ताला लगवा दिया था. इसके बाद हालात इतने बिगड़ गए कि मामला पुलिस थाने और राजनीतिक गलियारों तक जा पहुंचा. श्री जगनेरिया ने कहा कि नगर की सफाई का कार्य रेमकी कंपनी द्वारा किया जा रहा था, लेकिन भुगतान न होने के कारण कंपनी ने काम बंद कर दिया, इसके बाद परिषद ने आनन-फानन में नई कंपनी को हायर कर लिया. उन्होंने कहा कि यदि पुरानी कंपनी के कार्य में लापरवाही थी, तो उसे नोटिस देकर नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए थी. सीएमओ का आरोप है कि 16 जुलाई को हुई परिषद की बैठक में उन्हें और कंपनी को धमकाया गया कि यदि 24 घंटे में सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं हुई, तो कार्यालय में ताला लगा दिया जाएगा. 17 जुलाई को कुछ पार्षदों और उनके प्रतिनिधियों ने उनके कार्यालय में ताला लगा दिया. इस दौरान आज कर्मचारियों द्वारा भाजपा की तानाशाही नहीं चलेगी और पार्षदों की तानाशाही नहीं चलेगी जैसे नारे लगाए गए, जिसका वीडियो वायरल होते ही भाजपा कार्यकर्ताओं में आक्रोश फैल गया. देखते ही देखते भाजपा नेता और कार्यकर्ता नगरपालिका कार्यालय पहुंच गए और सीएमओ के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी. विवाद के दौरान तहसीलदार अंबर पंथी, एसडीओपी नितेश पटेल और टीआई अनूप यादव मौके पर पहुंचे और ताला खुलवाने का प्रयास किया, लेकिन भाजपा पार्षदों का अड़ियल रुख रहा. इसी बीच विधायक निर्मला सप्रे भी मौके पर पहुंचीं. उन्होंने भी नगर की बदहाल सफाई व्यवस्था पर नाराजगी जताई और ताला खुलवाने की बात कही.

# छिरारी स्कूल में नहीं मिले शिक्षक

नवभारत न्यूज

**सागर 18 जुलाई. संयुक्त संचालक लोक शिक्षण मृत्युंजय कुमार के द्वारा रहली के छिरारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के निरीक्षण में सहायक शिक्षक विज्ञान को छोड़ पूरा स्टाफ अनुपस्थित पाया गया. जिनके विरुद्ध कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी.**

श्री कुमार ने उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिरारी का निरीक्षण प्रात: 10:40 पर किया गया जिसमें एक मात्र सहायक शिक्षक विज्ञान उपस्थित थी प्राचार्य सहित शेष शिक्षक एवं अतिथि शिक्षक भृत्य सहित समस्त स्टाफ अनुपस्थित था. विद्यालय के गेट पर 100 से अधिक विद्यार्थी विद्यालय खुलने का इंतजार कर रहे थे. उन्होंने बताया कि प्राचार्य सहित समस्त स्टाफ के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी कर कार्रवाई प्रस्तावित की जा रही है.

श्री कुमार ने उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खैराना एवं छपरा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का भी निरीक्षण किया. किंतु कक्षा 9वीं एवं 10वीं के विद्यार्थियों ने बताया कि संस्कृत विषय को छोड़कर शेष पांच विषयों की उत्तर पुस्तिकाओं के संबंध में जानकारी नही दी गई है. प्राचार्य को शाला के किसी भी शैक्षणिक अभिलेख की जानकारी नहीं थी. प्राचार्य को शाला में प्रवेशित छात्रों की जानकारी एवं प्रत्याशित प्रवेश की जानकारी भी नहीं है. साथ ही पाठ्य पुस्तकों का वितरण न किया जाकर विद्यालय में स्टॉक मौजूद था, अनेक अनियमितताएं भी पाई गई. प्राचार्य सहित सभी को कारण बताओ नोटिस जारी किए जार हैं. श्री कुमार ने बताया कि सभी तीनो उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों का सत्र 2024-25 की के कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा का परीक्षा परिणाम 30 प्रतिशत से कम था जिस पर संभाग कमिश्नर के द्वारा पूर्व में नोटिस जारी किए जा चुके हैं.

# आरओबी का निरीक्षण किया

नवभारत न्यूज

**सागर 18 जुलाई. सांसद डॉ. लता वानखेड़े ने रेल्वे विभाग एवं लोक निर्माण विभाग (सेतु निगम) के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ स्टेशन परिसर में चल रहे निर्माण कार्य एवं आरओबी क्रमांक 51/1, गेट नंबर 27, 26, 25, और 21 के निर्माण स्थलों का दौरा कर कार्य की प्रगति का जायजा लिया.**

इस दौरान निरीक्षण के दौरान सांसद डॉ वानखेड़े ने निर्देशित किया कि सभी कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ और निर्धारित समय के भीतर पूर्ण किए जाएं.

सांसद ने कहा कि सभी विभाग आपस में सामंजस्य स्थापित कर कार्य करें ताकि किसी भी प्रकार की रुकावट निर्माण कार्य में उत्पन्न न हो. डॉ. वानखेड़े ने कहा कि यदि अधिकारियों को किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो वे उन्हें तत्काल अवगत कराएं ताकि समस्या का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जा सके. उन्होंने कहा कि आम जनता को हो रही असुविधा को ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्य में देरी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. सांसद ने बताया कि पूर्व में रेल्वे संबंधित अनुमतियों और अन्य आधिकारिक प्रक्रियाओं के लिए अधिकारियों को बार-बार जबलपुर जाना पड़ता था, जिससे कार्यों में देरी होती थी लेकिन अब सागर में ही रेलवे कार्यालय प्रारंभ करवा दिया है.

# प्रमं आवास की किशत प्रदाय करने के निर्देश

नवभारत न्यूज

**सागर 18 जुलाई. नरयावली विधायक प्रदीप लारिया की अध्यक्षता में जनपद पंचायत की विभागवार समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया.**

बैठक में विभागवार शासकीय योजनाओं के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों के अलावा योजनाओं में हितग्राहियों को लाभांवित करने के संबंध में निर्देश दिए गए. विधायक श्री लारिया ने सभी विभागों के जनप्रतिनिधियों से उनके विभाग से संबंधित विकास कार्यों, जनहित के कार्यो व शासन की योजनाओं के बारे में




जानकारी प्राप्त की. विधायक निधि के शेष कार्यों को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए. बैठक में विधायक द्वारा प्रमं आवास योजना के तहत पात्र हितग्राहियों की किस्त की राशि जल्द प्रदाय करने निर्देशित किया. मूलभूत समस्याओं के निराकरण हेतु सहयोग करने की बात कही.

विधायक श्री लारिया ने विकास कार्यों और अधोसंरचना निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने जैसे विभिन्न विषयों पर चर्चा की और व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं को सुनिश्चित करने की बात कही है. संचालित योजनाओं का लाभ उन्हें दिलाना और विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं तय समय पर पूरा करना ही हमारा प्राथमिक उद्देश्य है.

## यात्री बस पलटी, एक की मौत, 15 घायल

**सागर.** शाहगढ थाना क्षेत्र अंतर्गत हीरापुर के पास साठिया की घाटी के नीचे यात्री बस के पलटने से 15 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए. वही हादसे में बस के हेल्पर की मौत हो गई. घायलों का शाहगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल भेजा गया. घटना स्थल पर हीरापुर चौकी प्रभारी अरविंद सिंह ने घायलों को शाहगढ़ स्वास्थ्य केंद्र भेजा जहा अस्पताल स्टाफ एवं पुलिस स्टाफ ने गंभीर घायलों को शीघ्र जिला अस्पताल भिजवाया गया है.

# स्कूली बच्चों से भरी आपे टैक्सी पलटी, कई घायल

नवभारत न्यूज

**शाहगढ़ 18 जुलाई. थाना क्षेत्र अंतर्गत आसपास के गांवों से सवारी लाने ले जाने के लिए शाहगढ़ से संचालित हो रही टैक्सियों के अंधी गति से दौड़ने के कारण लगातार सड़क दुर्घनाएं हो रही है.**

जानकारी के अनुसार बरायठा शाहगढ़ मार्ग पर नारायणपुरा के पास लमान की पुलिया पर स्कूली बच्चों को भरकर शाहगढ़ आ रही आपे टैक्सी नाला में पलट गई. टैक्सी में सवार एक दर्जन से अधिक बच्चे पानी में गिर गए, सभी बच्चों को राहगीरों ने पानी से बाहर निकाला. हादसे में आधा



दर्जन बच्चे घायल हो गए जिनको राहगीर अपने दुपहिया वाहनों से शाहगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए. हादसे में गंभीर रूप से घायल वैशाली पिता नीरज यादव एवं अस्मीनी पिता हरिसिंह यादव निवासी बुढ़ेरा को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेजा गया.

दुर्घटना में घायल रामदीप पिता राजकुमार यादव, बृज लाल पिता भरोसी सेन निवासी डूडयाखेड़ा सहित अन्य बच्चों का इलाज शाहगढ़ अस्पताल में किया गया. पुलिस ने कार्यवाही करने के लिए टैक्सी को जब्त कर थाने में रख लिया है. मिली जानकारी अनुसार शाहगढ़ से बरायठा, हीरापुर, बम्होरी, घुवारा एवं बीलाग्राम मार्ग की ओर चलने के लिए शाहगढ़ से लगभग डेढ़ सौ से दो सौ टैक्सियां संचालित है जो शाहगढ़ से चारों मार्गो पर अंधी गति से तो दौड़ ही रही है. वही बड़ी मात्रा में संचालित टैक्सियां शाहगढ़ के नेशनल हाईवे सहित बस स्टैंड पर ट्रैफिक व्यवस्था को बिगाड़े हुये है जिससे लगातार दुर्घटनाएं हो रही है.

## सख्त कार्रवाई करें

**सागर.** कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने शासन द्वारा निर्धारित दर से अधिक कीमत पर शराब बेचने वाली फर्मों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश आबकारी विभाग के अधिकारियों को दिए हैं. कमिश्नर ने कहा कि सागर संभाग की सभी शराब दुकानों में शासन द्वारा निर्धारित दरों के अनुरूप उपभोक्ताओं को शराब उपलब्ध होना चाहिए. कमिश्नर ने कहा कि सागर संभाग में अवैध शराब के विक्रय को प्रतिबंधित करने के लिए सख्त कार्यवाही होनी चाहिए. कमिश्नर द्वारा अवैध शराब के विक्रय के विरुद्ध पन्ना जिले में अपेक्षित कार्यवाही नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की गई है.

# चौरसिया दिवस पर होंगे कार्यक्रम



नवभारत न्यूज

**गौरझामर 18 जुलाई. नाग पंचमी त्यौहार 29 जुलाई को चौरसिया समाज द्वारा चौरसिया दिवस के रुप मे मनाया जावेग.**

इसके लिये तैयारियां शुरु हो गई है. चौरसिया बाहुल्य ग्रामों नगरो गौरझामर, सहजपुर, बरकोटी कलां, नन्ही देवरी पिपरवानी, छपरा बलेह गढाकोटा आदि में नागपंचमी पर समाज द्वारा प्रतिष्ठान बंद कर चौरसिया दिवस मनाया जाता है. बैठक में कलश यात्रा के साथ शोभायात्रा सीताराम पैलेस से प्रारंभ होगी. बैठक में अम्बिका प्रसाद चौरसिया, कुंदन लाल चौरसिया, कमलेश चौरसिया, संदीप चौरसिया, राहुल चौरसिया, बालमुकुंद चौरसिया, मनमोहन चौरसिया मौजूद थे.



# क्षतिग्रस्त पुलिया बनाने की मांग

नवभारत न्यूज

**सागर 18 जुलाई. केसली ग्राम पंचायत में मुस्लिम समाज के लोगों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार और जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह और सरपंच सारिका दिनेश खटीक को ज्ञापन सौंपा.**

ज्ञापन में बताया गया कि मस्जिद मोहल्ला केसली से लेकर ईदगाह तक जाने वाला मुख्य मार्ग बीते कई वर्षों से बदहाल स्थिति में है. करीब 5 सालों से यह रास्ता क्षतिग्रस्त पड़ा हुआ है.

मुस्लिम समाज के लोगों ने बताया कि कब्रिस्तान के पास स्थित मुख्य पुलिया पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है. जनाजे की नमाज़ के लिए जब मृतक को वहां ले जाया जाता है तो भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है. ज्ञापन में यह भी बताया गया कि जनाजे की नमाज के लिए जो विशेष स्थान निर्धारित किया गया था, उस पर अब अतिक्रमण कर लिया गया है. अध्यक्ष सादिक खान ने कहा है कि मार्ग का पुनर्निर्माण कराया जाए, क्षतिग्रस्त पुलिया की मरम्मत हो और अतिक्रमित धार्मिक स्थल को मुक्त कराया जाए.

## भाग्योदय में कलश स्थापित होंगे आज

**सागर.** भाग्योदय तीर्थ में विराजमान मुनिश्री विमल सागर महाराज और मुनिश्री अनंत सागर महाराज का चातुर्मास चल रहा है. मंदिर जी में मुनि संघ के सान्निध्य में कलशों को स्थापित किया जाएगा. मुनि सेवा समिति के सदस्य मुकेश जैन ढाना ने बताया जिन श्रावकों ने अपने परिवार की ओर से जो भी कलश विराजमान कराने हेतु अपने नाम भाग्योदय तीर्थ में लिखाए हैं. 19 जुलाई को सुबह 8.30 बजे से 9.30 बजे के बीच भाग्योदय तीर्थ पहुँच कर अपने कलश स्थापित करा लें.

वहीं मुनिश्री प्रबोध सागर महाराज ससंघ का बंडा में एवं मुनिश्री निष्कंप सागर महाराज ससंघ का खुरई में वर्षायोग कलश स्थापना समारोह 20 जुलाई रविवार को दोपहर 1 बजे से आयोजित किया गया है.

# बांदरी में धरा को हरा-भरा करने उठे हजारों हाथ



नवभारत न्यूज

**बांदरी 18 जुलाई. विधायक प्रतिनिधि सतेंद्र सिंह ने कहा कि कहा कि पेड़ हमारे जीवनदाता है, इसलिए हमारा दायित्व है कि हम अधिक से अधिक पेड़ लगाकर प्रकृति का कर्ज अदा करें. पौधे लगाने के बाद उनकी रक्षा भी करें.**

श्री सिंह एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृहद पौधरोपण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि आज लगाया गया पौधा कल का जीवनदायक वटवृक्ष बन सकता है. पौधारोपण न केवल एक पर्यावरणीय जिम्मेदारी है, बल्कि यह भावी पीढ़ियों के प्रति हमारा कर्तव्य भी है. उन्होंने लोगों को संदेश दिया कि जन्म दिवस पौधा लगाकर मनाएं, जिससे हमारे लिए शुद्ध वायु व पानी का स्रोत बना रहे. हमें अपने पूर्वजों के नाम पर भी पौधे लगाना चाहिए. साथ ही इन पौधों के वृक्ष बनने तक सुरक्षा करना चाहिए. अटाटीला, शासकीय महाविद्यालय, सांदीपनी हायर सेकंडरी स्कूल, मंडी , तहसील परिसर, कब्रिस्तान, रजौआ व सागौनी के ग्राम पंचायत परिसर, पिठौरिया के संत रविदास मंदिर, हायर सेकेंडरी स्कूल, शबरी मंदिर परिसर, मुहली में लगभग 12 हजार पौधे रोपे गए. वहीं अशोक, आम, पारिजात, बेल, अमरूद, नीम, पीपल, वट के पौधे रोपे.

सीएमओ प्रभुशंकर खरे ने बताया कि परिषद क्षेत्र में लगभग 12 हजार पौधे रोपे गए. कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष अनिल पाराशर, विश्वनाथ सिंह, सुरेंद्र सिंह, नारायण सिंह, चंद्रिका प्रसाद पाराशर, महेश पाराशर, अभय सिंह, इंद्राज सिंह, मुकेश जैन, आजाद यादव, राजेंद्र जैन, राजेंद्र चौहान, रावराजा राजपूत, अवधेश सिंह, महेंद्र यादव, लोकेंद्र सिंह, सचिन साहू, राजेंद्र सिंह, देवीदयाल कुशवाहा, नरेश जैन, उमेश राय, राजा राजपूत, अखिलेश जैन मौजूद रहे.

# जल-वायु और माटी के संरक्षण का समाधान केवल वृक्ष में

नवभारत न्यूज

**खुरई 18 जुलाई. खुरई में आज जीवंत और प्रत्यक्ष रूप में सहस्त्रकोटि यज्ञ हुआ है. श्रावण मास शिव शक्ति के आराधन का पवित्र मास है. श्रावण मास में खुरई विधानसभा क्षेत्र में 51000 देव वृक्ष प्रतिमाओं की स्थापना की गई है. प्रकृति में एक मात्र वृक्ष ही हैं जिनके पास जीवन के लिए अनिवार्य माटी, वायु, जल तीनों के संरक्षण का समाधान है.**

यह उद्गार नर्मदापुत्र, प्रकृति के उपासक समर्थ गुरु दादा गुरु ने माडल स्कूल प्रांगण में में पूर्व गृहमंत्री, विधायक भूपेंद्र सिंह द्वारा एक पेड़ मां के नाम के तहत एकदिन में 50 हजार




वृक्ष लगाने के महा अभियान के लिए आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए.

श्री दादा गुरु ने कहा कि जहां स्वच्छता होगी, पवित्रता होगी वहीं विकास, सफलता और प्रसन्नता होगी. जिन वृक्षों को पौधों के रूप में लगाया है उन वृक्षों में, पहाड़ों में परम सत्ता, शक्ति, प्रकृति की जीवंत साकार उपस्थिति है. उन्होने कहा कि वृक्ष के समीप रहें, प्रतिदिन पांच मिनट वृक्षों के पास बैठें तो आपकी स्मरण शक्तिप्रखर हो जाएगी और इससे अध्ययन में बहुत आगे जा सकेंगे.

### 61 हजार 700 पौधों का रोपण किया गया

पूर्व गृहमंत्री एवं खुरई विधायक श्री सिंह ने कहा कि ऐसा वृक्षारोपण अभियान प्रतिवर्ष होगा और खुरई में अब प्रतिवर्ष 50 हजार वृक्ष लगाने का रिकार्ड बनेगा. खुरई विकास, स्वच्छता, स्वास्थ्य सुविधाओं जैसे अनेक क्षेत्रों में नंबर वन है और अब इसे पर्यावरण संरक्षण का माडल भी हम बनाएंगे. खुरई के लिए हमारे तीन लक्ष्य हैं, पहला खुरई को शिक्षा के क्षेत्र में नंबर वन बनाना, दूसरा यहां के हर युवा को रोजगार उपलब्ध कराना और तीसरा खुरई में मेडीकल कालेज की स्थापना कराना. श्री सिंह ने कहा कि खुरई में तीन बांध बीना नदी, हनौता व उल्दन बांधों से खुरई में सौ प्रतिशत सिंचाई का लक्ष्य अगले वर्ष हासिल हो जाएगा. उन्होंने बताया कि बीना, धसान और बेतवा नदियों का संगम खुरई विधानसभा क्षेत्र में होता है. वृक्ष और नदियों से हमें देने की प्रेरणा मिलती है. वृक्ष स्वयं अपने फल नहीं खाता सब दूसरों को देता है, नदियां अपना जल स्वयं नहीं पीतीं दूसरों की प्यास बुझातीं हैं. उन्होने बताया कि दोपहर तक 61700 हजार वृक्षों का पौधा रोपण किया जा चुका है. उन्होंने स्वच्छ सर्वेक्षण में प्रदेश में नंबर वन आने और देश की एक लाख से तीन लाख तक आबादी वाली 824 नगरपालिकाओं की प्रतिस्पर्धा में सातवां स्थान प्राप्त करने पर बधाई दी है.

## बालश्रम एवं बंधक श्रम संस्थानों पर करें सख्त कार्यवाही - अपर कलेक्टर

**सागर.** जिला स्तरीय बाल श्रम टास्क फ़ोर्स एवं जिला स्तरीय बंधक श्रम सतर्कता समिति की बैठक कलेक्टर सभा कक्ष सागर में आयोजित की गई, बैठक की अध्यक्षता अपर कलेक्टर रुपेश उपाध्याय द्वारा की गई, जिसमे उन्होंने बाल श्रम अंतर्गत टास्क फ़ोर्स समिति के सदस्यों को मासिक कैलेंडर तैयार कर निरिक्षण/ जनजागरण करने के निर्देश दिए, ईट भट्टा, ढाबा होटल एवं समस्त ऐसे संस्थान जहाँ बाल श्रमिकों से कार्य कराया जा रहा है, अधिनियम अनुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए है।